विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर :

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 28 अगस्त, 2024 के मध्य प्रयागराज व झांसी मण्डल में खाद्य एवं रसद विभाग की कौन-कौन योजनाओं के अन्तर्गत जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुये है? | खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित योजनाओं तथा उससे प्राप्त हो रहे लाभों का विवरण निम्नवत है :- |

1- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियमः -

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उक्त योजना हेतु अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों का चयन किया गया है, जो कि वर्ष 2011 की जनसंख्या का 79.56 प्रतिशत (ग्रामीण क्षेत्र में) एवं 64.43 प्रतिशत (शहरी क्षेत्र) आच्छादित किया गया है।

इस योजनान्तर्गत चयनित अन्त्योदय परिवारों/लाभार्थियों को 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (गेहूँ, चावल एवं श्री अन्न उपलब्धतानुसार) एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 05 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट खाद्यान्न (गेहूँ, चावल एवं श्री अन्न उपलब्धतानुसार) निःशुल्क वितरित किया जा रहा है।

| क्र0 | संभाग | गेहूँ | चावल | ज्वार | बाजरा | मक्का | चीनी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झांसी | 535756.02 | 819710.01 | 15561.18 | 57479.98 | 289.37 | 6071.97 |
| 2. | प्रयागराज | 1556579.97 | 2469098.78 | 16661.77 | 146413.43 | 0 | 13157.47 |

2- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना :-

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 03/10/2023 के माध्यम से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत अतिरिक्त 75 लाख एल0पी0जी0 गैस कनेक्शन निर्गत किए जाने के निर्णय के अनुक्रम में शासनादेश सं0-भा0स0-95/29-7-2023, दिनांक 13/10/2023 द्वारा जनपदों में जिला उज्जवला समिति का गठन किए जाने एवं अतिरिक्त उज्जवला लाभार्थियों को नवीन कनेक्शन निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए। तत्क्रम में प्रयागराज व झॉसी मण्डल में इस योजना के अंतर्गत 01 जनवरी, 2024 से 28 अगस्त, 2024 के मध्य निर्गत नवीन कनेक्शन्स का विवरण निम्नवत है :-

| क्र0 | मंडल का नाम | उज्जवला गैस कनेक्शन |
|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | 17442 |
| 2 | झांसी | 12029 |

उक्त के अतिरिक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान/गेहूँ/बाजरा आदि का क्रय किया जाता है। दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 28 अगस्त, 2024 के मध्य प्रदेश के झॉसी व प्रयागराज मण्डल में की गई खरीद एवं लाभान्वित किसानों का विवरण निम्नवत है :-

3-धान खरीद योजना :-

| क्र0 | संभाग | समर्थन मूल्य | कुल खरीद (मी0टन में) | लाभान्वित कृषक | किया गया भुगतान (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | धान कॉमन<br>रू0 2300 प्रति कुंतल<br>धान ग्रेड-ए<br>रू0 2320 प्रति कुंतल | 199013.10 | 34769 | 514.19 |
| 2 | झांसी | | 1151.12 | 135 | 2.59 |

4- बाजरा खरीद योजना :-

| क्र0 | संभाग | समर्थन मूल्य | कुल खरीद (मी0टन में) | लाभान्वित कृषक | किया गया भुगतान (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | रू0 2625 प्रति कुंतल | 591 | 134 | 427.90 |
| 2 | झांसी | | 131.85 | 31 | 97.60 |

5- गेहूँ खरीद योजना :-

| क्र0 | संभाग | समर्थन मूल्य | कुल खरीद (मी0टन में) | लाभान्वित कृषक | किया गया भुगतान (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | रू0 2275 प्रति कुंतल | 25607.96 | 6116 | 52.87 |
| 2 | झांसी | | 69577.77 | 13269 | 132.59 |

| | |
|---|---|
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।